प्रेषक,

राजीव कपूर
मिशन निदेशक,
राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई,
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

सेवा में,

आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप सदस्य,
....
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः एस.पी.एम.यू./कम्यू0प्रो0/आशा/08–09/05/1876 दिनांक : 19.8.08

विषय : प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशा योजना हेतु आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप ASHA Mentoring Group (AMG) का गठन।

महोदय,

1. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं को समुदाय तक पहुँचाने एवं उपलब्ध सेवाओं के सम्बन्ध में जन समुदाय को जागरूक करने में "आशा" की अहम भूमिका है। प्रदेश में "आशा" कार्यक्रम में नीति निर्देशन, उनके Capacity Building कार्यक्रम की संरचना एवं आशाओं को और प्रभावी बनाने के लिये राज्य स्तर पर वांछित कार्यवाही के संबंध में राज्य स्वास्थ्य मिशन को परामर्श देने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर एक आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप (AMG) का गठन निम्नवत् किया जाता है :

1.	मिशन निदेशक	अध्यक्ष
2.	डा0 हरि ओम दीक्षित	संयोजक
3.	निदेशक (MCH) परिवार कल्याण निदेशालय	सदस्य
4.	डा0 वी0के0 श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष (एस0पी0एम0), सी0एस0एम0एम0यू0, लखनऊ	सदस्य
5.	डा0 के0पी0 कुशवाहा विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग, बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर	सदस्य
6.	राष्ट्रीय आशा मेन्टोरिंग ग्रुप द्वारा नामित एक सदस्य	सदस्य
7.	एन0एच0आर0सी0 द्वारा नामित एक सदस्य	सदस्य

8. डा0 नीरा जैन — सदस्य
निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
संस्थान, लखनऊ

9. श्री ए0के0 तिवारी — सदस्य
सारथी फाउन्डेशन, लखनऊ

10. सुश्री विमला बहन — सदस्य
विनोबा सेवा आश्रम, शाहजहाँपुर

11. श्री राजीव सिंह — सदस्य
डा0 शम्भूनाथ सिंह रिसर्च फाउन्डेशन, वाराणसी

12. सुश्री पाकशालिका सिंह — सदस्य
एफ0पी0ए0आई0, आगरा

13. सुश्री नीति शास्त्री — सदस्य
भगिनी मण्डल महिला सहायक संघ, झांसी

14. श्री अशोक भाई — सदस्य
सहभागी शिक्षण केन्द्र, लखनऊ

15. सुश्री सुचरिता दत्ता — सदस्य
CARE, उ0प्र0, लखनऊ

16. सुश्री किरन भारती — सदस्य
ग्राम विकास सेवा संस्थान, सुल्तानुपर

17. डा0 रश्मि सिन्हा — सदस्य
स्टेट कोआरडिनेटर,
महिला सामाख्या, लखनऊ

18. सुश्री शिल्पा नायर — सदस्य
पाथ, लखनऊ

19. श्री सीताराम शर्मा — सदस्य
आदर्श सेवा समिति, मुजफ्फरनगर

20. डा0 एस0 कृष्णास्वामी — सदस्य
महाप्रबन्धक (प्राइवेट सेक्टर), सिफ्सा

2. आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप के उद्देश्य एवं मुख्य कार्यकलाप

आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप का मुख्य उद्देश्य आशा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन हेतु नीति निर्देशन एवं विशेष तौर पर आशाओं की केपेसिटी बिल्डिंग सम्बन्धित कार्यकलाप की

संरचना एवं समुदाय में आशाओं की पहचान को और मजबूत बनाने के लिए राज्य स्वास्थ्य मिशन को परामर्श देना है।

आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप के प्रत्येक सदस्य को भ्रमण हेतु तीन से चार जनपद आवंटित किये जायेंगे जो इन जनपदों में प्रत्येक छमाही में कम से कम एक बार भ्रमण कर "आशा" कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी लेंगे, जनपदों को आवश्यक फीडबैक/मार्गदर्शन देंगे और विभिन्न बिन्दुओं पर अपनी आख्या राज्य स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।

आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप की बैठक प्रत्येक त्रैमास में एक बार लखनऊ में होगी जिसमें आशा कार्यक्रम से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर विचार–विमर्श होगा और साथ ही विभिन्न मेन्टॉर्स सदस्यों द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान तैयार की गई आख्याओं पर परिचर्चा होगी और इस कार्यक्रम को सुदृढ़ करने के लिए नीतिगत बिन्दुओं पर परामर्श दिया जायेगा।

3.0 "आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप" के संचालन हेतु प्रशासनिक/वित्तीय व्यवस्था

3.1 जब तक आशा रिसोर्स सेन्टर का गठन नहीं होता तब तक राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई इस मेन्टॉरिंग ग्रुप के सचिवालय का कार्य करेगी और डा0 हरिओम दीक्षित, जो आशा कार्यक्रम के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी हैं, ए0एम0जी0 (Asha Mentoring Group) से सम्बन्धित समस्त कार्यकलापों का समन्वय करेंगे।

3.2. आशा मेन्टॉरिंग ग्रुप के गैर सरकारी सदस्यों को राज्य स्तर पर आहूत बैठकों एवं क्षेत्रीय भ्रमण के लिए निम्न दरों पर मानदेय/यात्रा व्यय अनुमन्य होगा जो राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ द्वारा नियमानुसार भुगतान किया जायेगा :

(i) <u>क्षेत्रीय भ्रमण हेतु</u>

(अ) यात्रा व्यय	वास्तविक आधार पर (2nd AC या टैक्सी)
(ब) ठहरने एवं भोजनादि	रू0 1000
(स) Contingency/documentation	रू0 200 प्रति दिन
(द) मानदेय	रू 1000 प्रति दिन

(ii) <u>राज्य स्तरीय बैठक में भाग लेने हेतु</u>

(अ) यात्रा व्यय	2^{nd} AC (ट्रेन)
(ब) ठहरने एवं भोजनादि	रू 2000 प्रति दिन
(स) मानदेय	रू 1000 प्रति दिन

3.3 जहॉ तक सरकारी सदस्यों का प्रश्न है उन्हें भ्रमण एवं बैठकों में भाग लेने के लिए उपरोक्त तालिका में दी गई दरों पर टी0ए0/डी0ए0 अनुमन्य होगा लेकिन मानदेय तथा कन्टीनजेन्सी अनमुन्य नहीं होंगी।

भवदीय,

(राजीव कपूर)
मिशन निदेशक

पत्रांकः एस.पी.एम.यू./कम्यू0प्रो0/आशा/08–09/05 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1– प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2– महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3– महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, उ0प्र0, लखनऊ।
4– संयुक्त सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।

(राजीव कपूर)
मिशन निदेशक